# नालियों की गंदगी सड़कों पर बह रही

**खास बातें**

- स्वच्छता अभियान की पोल खुली
- लाखों रुपये खर्च स्थिति में नहीं हुआ सुधार



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 8 दिसम्बर, दर्द बढ़ता ही गया,ज्यों ज्यों दवा की. नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था के नाम पर प्रति माह लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं इसके बाद भी स्थिति में सुधार दिखाई नहीं दे रहा है.नगर पालिका परिषद द्वारा कचरा उठाने के नाम पर प्रतिमाह 16 लख रुपए ठेकेदार को दिए जा रहे हैं.इसके बाद भी कचरा गाड़ियां गली मोहल्ले में समय पर नहीं पहुंचती और नियम शर्तों का खुलेआम उलंघन हो रहा है.**

कुछ गाड़ियां खराब पड़ी है कोई देखने सुनने वाला नहीं है ठेकेदार के आदमी कचरा गाड़ी को पिछड़ी बस्तियों में समय पर नहीं ले जाते मजदूर लोग कम पर निकल जाते हैं और कचरा इधर-उधर फेंक देते हैं कचरा गाड़ी का समय निर्धारित होना चाहिए ताकि सभी को पता रहे की कचरा गाड़ी इस समय आएगी ठेकेदार के आदमी अपने ही तरीके से वाहन चलाते हैं. पतली गलियों में नहीं जाते जबकि आसानी से वहां से वाहन निकल सकते हैं परंतु वाहन चालक किसी की बात नहीं सुनते इसी बात को लेकर कई बार लोगों से विवाद होते हैं जब कचरा नहीं उठा रहे तो हर महीने भुगतान लेने का क्या अधिकार है.इसके साथ नगर पालिका के कर्मचारी ठीक से सफाई नहीं करते वार्ड 3 में दो ऐसे सफाई कामगार है जो सफाई करने महीने में दो-चार दिन आते हैं और हाजिरी पूरे महीने की भर दी जाती है.इसके लिए कौन जिम्मेदार है.इस और भी ध्यान नहीं दिया जाता.वार्ड क्रमांक 3 नई बस्ती की हालत बहुत खराब है यहां नालियां नहीं है इस कारण घरों से निकलने वाला गंदा पानी मकानों के आसपास भरा रहता है.जहां मच्छरों से लोग परेशान है तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं.नगर पालिका के अधिकारी कभी मोहल्ले में पहुंच कर नहीं देखते कहां क्या स्थिति है.सफाई कामगार आ रहे हैं या नहीं. सब राम भरोसे कामकाज चल रहा है.

**पार्षदों की शिकायत नहीं लेते गंभीरता से**

पार्षद शिकायत करते हैं उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया जाता नालियां क्षतिग्रस्त पड़ी हैं.इसके चलते ठीक से सफाई नहीं हो पाती नालियों का पानी सड़कों पर बेहता रहता है.लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है धर्म प्रेमी श्रद्धालु जो मंदिर जाते हैं उन्हें गंदगी के ऊपर से निकालना पड़ता है.नगर के कुछ ही वार्ड ऐसे हैं जहां नियमित रूप से सफाई नहीं होती गरीबों की बस्तियों में हालात देखते ही बनती है.

# सड़क किनारे स्थित नालों पर लगवाई रैलिंग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 8 दिसम्बर, शहर में नगरपालिका द्वारा सड़क किनारे स्थित खुले नालों पर लोहे की रैलिंग लगवाने का कार्य किया जा रहा है. जिससे पशुओं बच्चों एवं राहगीरों को इन खुले नालों में गिरने से निजात मिल सकेगी. शहर में सड़क किनारे स्थित कई नाले काफी समय से बिना रैलिंग के पड़े थे. इन नालों के चारों ओर दीवार या रैलिंग ना होने के कारण कई बार इन खुले नालों में गिरकर पशु एवं बच्चे घायल हो रहे थे.**

जिसको लेकर लोगों द्वारा कई बार शिकायत की जा रही थी. पूर्व में भी कई बार इन खुले नालों में गिरकर मवेशी घायल हो चुके हैं. वहीं सड़कों के किनारे स्थित इन नालों में कई बार राहगीर भी गिर रहे थे. इन रैलिंग विहीन नालों में सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं की कई बार गिरने से घटनाएं सामने आ रही थी. जिसको लेकर बार-बार शिकायत की जा रही थी. इसके बाद अब नगरपालिका प्रशासन द्वारा इन नालों पर सड़क किनारे लोहे की रैलिंग लगवाने का कार्य शुरू किया गया. जिससे पशुओं बच्चों एवं राहगीरों को इन नाले में गिरने से निजात मिल सके. जिसकी लोगों ने प्रशंसा की है. मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने बताया कि नगरपालिका द्वारा तलैया, पंचकुईयां आदि क्षेत्रों में नालों पर रैलिंग लगाने का कार्य कराया गया है. शहर के सड़क किनारे स्थित सभी नालों पर लोहे की रैलिंग लगवाई जा रही है. जिससे पशु, बच्चे एवं राहगीर इन नालों में गिरने से बच सकें.



**एक नजर में**

## पूर्व विधायक निशंक जैन के बड़े भाई आदेश जैन का निधन

नवभारत न्यूज



**गंजबासौदा,** पूर्व विधायक निशंक जैन के बड़े भाई आदेश जैन का दुखद निधन हो गया शाम 6 बजे उनकी अंतिम यात्रा धूसर पूरा मंदिर स्थित उनके निवास से निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में नगर के कारोबारी गणमान्य नागरिक पत्रकार साहित्यकार समाजसेवी विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुए उनका दाह संस्कार पाराशरी नदी स्थित शांति वन में किया गया.

## कुशवाह समाज की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,**अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में कुशवाहा समाज की जिला बैठक आज कुरवाई में संपन्न हुई.बैठक में तय हुआ की समाज का जिला स्तरीय परिचय सम्मेलन गंजबासौदा में 1 फरवरी को संपन्न होगा. बैठक में विगत कार्यों की समीक्षा ,समाज में व्याप्त कुरीतियां , संगठन को मजबूत करने संबंधी आदि विषयों पर भी चर्चा हुई एवं कुरवाई तहसील अध्यक्ष के रूप में श्री महेश कुशवाह को नियुक्त किया गया.बैठक में नारायण सिंह कुशवाहा , जिला अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, फूल सिंह, धनराज,सीता राम जी, रेवाराम जी महिला महासभा की जिला अध्यक्ष श्रीमती दीपा कुशवाहा रेवाराम , कैलाश , लक्ष्मी गिरीश , सुनील, राधे श्याम ,बुंदेल सिंह , पहलवान,भगवान सिंह, धन सिंह , मखन सिंह,राजेश उपस्थित रहे.आभार व्यक्त पूर्व अध्यक्ष खिलान सिंह ने किया.बैठक का संचालन महामंत्री कैलाश कुशवाहा ने किया.

# कुशवाह समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 1 फरवरी को, अभा कुशवाह महासभा की हुई जिला बैठक

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** कुशवाह समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 1 फरवरी को गंजबासौदा में होगा. समाज की जिला बैठक में यह निर्णय लिया गया. अखिल भारतीय कुशवाह महासभा के तत्वाधान में कुशवाह समाज की जिला बैठक रविवार को कुरवाई में संपन्न हुई. जिसमें समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 1 फरवरी को गंजबासौदा में आयोजित करने का निर्णय किया गया. बैठक में विगत कार्यों की समीक्षा की गयी. समाज में व्याप्त समस्याओं, संगठन की मजबूती आदि विषयों को लेकर चर्चा की गयी. अखिल भारतीय कुशवाह महासभा के जिला पदाधिकारियों द्वारा जिला कार्यकारणी की सहमति से महेश कुशवाह को कुरवाई तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इसके पूर्व बैठक की शुरुआत भगवान लव कुश की पूजा, अर्चना से की गयी. बैठक में कुश कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह मौजूद रहे. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज कुशवाह ने की. संचालन महामंत्री कैलाश कुशवाह ने तथा पूर्व अध्यक्ष खिलान सिंह कुशवाह ने आभार व्यक्त किया. बैठक में कमल सिंह कुशवाह, फूल सिंह कुशवाह, धनराज कुशवाह, सीता राम, रेवाराम कुशवाह, दीपा कुशवाह, कैलाश कुशवाह, लक्ष्मी कुशवाह, गिरीश कुशवाह, सुनील कुशवाह, राधे श्याम कुशवाह, बुंदेल सिंह कुशवाह, पहलवान सिंह, भगवान सिंह, धन सिंह, माखन सिंह, राजेश कुशवाह समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.



# 100 गांव के मरीजों को मिलेगी सुविधा, डिजिटल एक्स रे मशीन शुरू

**विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने किया शुभारंभ**

**कई दिनों से की जा रही थी मांग, सरकारी अस्पताल को मिली सौगात**



नवभारत न्यूज

**नटेरन, नटेरन के सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों का एक्सरे नहीं हो पार रहा था जिसके चलते मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था. क्षेत्र के रहवासियों ने विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को अपनी परेशानी बताई वहीं अस्पताल प्रबंधन ने भी डिजीटल एक्सरे मशीन की जरुरत बताई थी जिसके बाद विधायक ने शासन से पत्राचार किया जहां से एक्सरे मशीन की मंजूरी मिल गई थी. जिसे पिछले दिनों नटेरन के सरकारी अस्पताल में फिट कर दिया गया था.**

सोमवार को विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने मशीन का शुभारंभ किया. विधायक ने कहा कि इस मशीन के लगने के बाद मरीजों को एक्सरा कराने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा अस्पताल में मशीनों की कमी नहीं होने देंगे मरीजों को सरकारी अस्पताल में ही बेहतर इलाज मिले इसके पूरे प्रयास हो रहे हैं. नटेरन समेत आसपास के करीब ऐसे 100 से ज्यादा गांव के मरीजों को खासतौर पर हड्डी के मरीजों के लिए अपना एक्सरे कराने के लिए परेशान होना पड़ता था. बताया गया कि करीब 20 लाख से ज्यादा की कीमत वाली यह एक्सरे मशीन की खासियत है कि इसके जरिए मरीज का एक्सरा उसके मोबाइल पर पहुंच जाएगा साथ ही जो डाक्टर इलाज कर रहा है उसके पास भी एक्सरे पहुंच जाएगा जिसके चलते मरीज को यहां वहां पर नहीं भटकना पड़ेगा. वहीं कई बार प्रायवेट में भी एक्सरा कराना पड़ता था. नटेरन बीएमओ नीतू सिंह ने बताया कि जो मशीन नटेरन के सरकारी अस्पताल को मिली है वह पूरी तरह से आधुनिक है.ऐसी एक्सरे मशीन बहुत ही कम सरकारी अस्पताल में है.

# संगोष्ठी के माध्यम से प्रारंभ हुआ ग्राहक पंचायत का जागरण पखवाड़ा

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का ग्राहक जागरण पखवाड़ा 5 दिसंबर से प्रारंभ हो गया जो कि 20 दिसंबर तक चलेगा. पखवाड़ा के प्रारंभ में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन पंचायत के जिला अध्यक्ष राजीव रघुवंशी के मार्गदर्शन में की गई.जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख प्रदीप जैन उपस्थित थे जिन्होंने उपस्थित जन को ग्राहक जागरूकता विषय पर संबोधित किया.

संगोष्ठी का प्रारंभ माता सरस्वती व विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजन अर्चन कर किया गया. अतिथियों का स्वागत रोली चावल से करने के उपरांत गीत दोहराया गया संगठन की रूप रेखा व पंचायत की कार्य पद्धति विदिशा जिले के सचिव कुलदीप श्रीवास्तव के द्वारा रखी गई.संगोष्ठी को भावना राठौर महिला आयाम प्रमुख व आयुषी सैंगर महिला सह आयाम प्रमुख ने भी संबोधित किया.भव्य संगोष्ठी का संचालन प्रदीप मालवीय ने किया व संगोष्ठी का समापन के अवसर पर ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष राजीव रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया.संगोष्ठी में बताया कि ग्राहक पखवाड़ा 5 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा जिसमें अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्राहकों के जागरण के संबंध में अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे सभी से पंचायत से जुड़ने व सहयोग करने की अपील की है.

# मगधम इंटरनेशनल स्कूल में भव्य 'मगधम महोत्सव' का आयोजन



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** मगधम इंटरनेशनल स्कूल में 5 एवं 6 दिसंबर 2025 को वार्षिक उत्सव 'मगधम महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया. इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और भारतीय संस्कृति की झलक को मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर जीवंत कर दिया.कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रचना नायर, विद्यालय के संचालक सोमिल पलोड एवं मुख्य अतिथि मुकेश टंडन एवं एसएटीआई कॉलेज के डायरेक्टर श्री वायके जैन की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ.प्रथम दिवस को प्ले-गुप से कक्षा दूसरी तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम का शीर्षक रंगीलो भारत रखा गया, जिसमें बच्चों ने भारत की विविध संस्कृति, वेशभूषा, लोकनृत्य और परंपराओं को आकर्षक नृत्य-नाटिकाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया. नन्हे बच्चों की मासूम अदाओं और रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया.द्वितीय दिवस को कक्षा 3 से वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम का नाम व्हील ऑफ टाइम्स रखा गया.इस अनूठे कार्यक्रम में टाइम मशीन के रोचक कॉन्सेप्ट के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न ऐतिहासिक कालखंडों, महत्वपूर्ण घटनाओं तथा महान महापुरुषों के जीवन प्रसंगों को प्रभावशाली मंचन के द्वारा प्रदर्शित किया.यह प्रस्तुति ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ अत्यंत मनोरंजक भी रही.इस अवसर पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और भी बढ़ा दिया. विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया.

# 46 लोगों ने किया रक्तदान, महाविद्यालय में लगा रक्तदान शिविर

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में सोमवार को आईक्यूएसी इकाई, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में एचडीएफसी बैंक के सहयोग से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी सहभागिता करते हुए मानवता की मिसाल पेश की. इस शिविर में 46 यूनिट रक्त एकत्र किया गया. नैक तथा आईक्यूएसी प्रभारी प्रो. अनामिका ठाकुर, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कल्पना पंचोली, एनसीसी अधिकारी डॉ. शिव कुमार यादव तथा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो. महेश चन्द्र परमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना और ब्लड बैंक के भण्डार में योगदान करना था. महाविद्यालय परिसर में शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचन्द राजपूत ने किया. उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है, क्योंकि यह जीवन रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. कार्यक्रम में विद्यार्थियों के परिजनों ने भी रक्तदान किया. इस पावन आयोजन के सहयोगी जिला चिकित्सालय से आई डॉक्टरों की एक टीम ने पूरी प्रक्रिया की देखरेख की. महाविद्यालयीन स्टाफ ने विद्यार्थियों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया तथा रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित किया. रक्तदान करने वाले सभी रक्त दाताओं को प्रमाण-पत्र और जूस प्रदान किया गया.


**निःशुल्क सेवा**

- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

**मोबाइल में बजता है**

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित




प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए


# आधे साल से नहीं मिला वेतन, अधिकारी बोले बजट नहीं आया

**20 वर्षों से नहीं मिला प्रमोशन, कम उम्र के साथ वाले हुए प्रमोट**

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज 8 दिसम्बर, पिछले 25 वर्षों से अपनी सेवा दे रहे है दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी हीरालाल घावरी को 6 माह से वेतन नहीं मिला है अधिकारियों से पूछते है तो बोलते है कि अभी बजट नहीं है शासन को पत्र लिख दिया है जैसे ही बजट आयेगा वेतन डाल दिया जाएगा लेकिन सवाल ये है कि आखिर वेतन आयेगा कब 6 माह तो गुजर गए आखिर कितना और इंतजार करना होगा.** हीरालाल घावरी अपने कार्य के प्रति बहुत ईमानदार है एवं अनेकों बार घावरी को कार्य के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र भी मिले है और आज भी 6 माह वेतन न मिलने के बाद भी निरंतर अपनी सेवाएं संस्था को पूर्ण ईमानदारी से दे रहे है.दिवाली और रक्षाबंधन पर हीरालाल घावरी को वेतन नहीं मिला है आखिर कैसे अपने घर का पालन पोषण करे त्यौहार बनाए ,अनेकों बार वेतन की गुहार लगने के बाद भी वेतन नहीं मिल रहा है.

**20 वर्षों से दैनिक वेतन भोगी को प्रमोशन नहीं मिला**

20 वर्षों से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के पद पर है पर आज तक नियमित नहीं किया गया क्योंकि 7 कर्मचारी ही शेष है अपनी आवाज उठने में असमर्थ है तो सुनने वाला भी कोई नहीं है दैनिक वेतन भोगी 2006 - 07 की लिस्ट में थे 13 कर्मचारी पर बाकी जो कम उम्र के थे उनको कर दिया नियमित जो थे ज्यादा उम्र के उनको अभी तक नहीं मिला प्रमोशन वजह क्या कोई पता नहीं है ।वही 2018 हाई कोर्ट ग्वालियर में हीरालाल घावरी ने केस किया और जीत भी गए पर अधिकारियों के सर पर जू तक नहीं रेंगी और अभी तक नहीं दिया गया हीरालाल घावरी को प्रमोशन, आखिर इतना अनन्य क्यों वजह क्या हो सकती है ।ये आगे जानने योग्य होगा.

# दिनदहाड़े चोरी की घटना में तकनीकी ढंग से जुटी पुलिस

**पीड़ित परिवार ने की 1 लाख इनाम की घोषणा**

नवभारत न्यूज

**कुरवाई, विगत 12 दिवस पूर्व कुरवाई थाना क्षेत्र के ग्राम बरेठा में शासकीय चिकित्सक डॉ. मितेश कुर्मी के पिता फूल सिंह कुर्मी मास्टर साहब के यहां चोरों ने दिनदहाड़े सूने मकान में घुसकर लाखों के जेवरात तथा नगदी पर हाथ साफ कर दिया था. घटना के बाद मौके पर जिले से पुलिस के फिंगर स्पेशलिस्ट एवं पुलिस डॉग भी जांच करने पहुंचे थे. घटना के बाद पुलिस आज तक तकनीकी ढंग से मामले की विवेचना करने का प्रयास कर रही है. मामले में पीड़ित परिवार के द्वारा अब घटना का सुराग देने वाले को एक लाख रुपए का नगद इनाम दिए जाने की घोषणा मीडिया के सामने की है.**

घटना के बाद मौके पर अनु विभागीय पुलिस अधिकारी रोशनी सिंह, टीआई पंकज गीते, सहायक उप निरीक्षक रघुपति यादव, सहित पुलिस की टीम मामले की विवेचना में जुटी हुई है. टी आई पंकज गीते से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीम लगातार तकनीकी ढग से प्राप्त तथ्यों को जोड़ने का प्रयास कर रही है. मंडी बामोरा से लेकर ग्राम बरेठा तथा कुरवाई तक रोड के किनारे स्थित कैमरा के फोटो फुटेज तलाशे से जा रहे हैं, घटनास्थल के आसपास मौजूद रहे लोगों से अलग-अलग पूछताछ जारी है.पीड़ित परिवार के मुखिया फूल सिंह कुर्मी मास्टर ने मीडिया के सामने आकर बताया कि उनके द्वारा चोरी की घटना में जो सामान चोरी गया है, उसकी सूची एक आवेदन पत्र के जरिए पुलिस थाना कुरवाई में दी गई है, बाद में पुलिस थाना कुरवाई में चोरी की घटना पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है.मामले में पुलिस के प्रयास के अतिरिक्त किसीभी व्यक्ति के द्वारा पुलिस अथवा फरियादी को चोरी करने वाले व्यक्ति का कोई सुराग दिया जाएगा, तो उसकी सूचना को गुप्त रखते हुए फरियादी के द्वारा 1 लाख रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा. कुरवाई थाना क्षेत्र में बताया जाता है कि इससे पूर्व भी चोरों के द्वारा इसी प्रकार से चुने घर में इसी तरह से हाथ साफ किया जाकर घटना की जा चुकी हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए.पुलिस थाना कुरवाई क्षेत्र यह घटना पुलिस के लिए चुनौती बन गई है.

**महंगाई** | **कीमतों पर नियंत्रण के दावों के बीच जनता की जेब पर लगातार बढ़ता बोझ**

# लगातार बढ़ती महंगाई से पिस रहा मध्यम वर्ग, कब मिलेगी राहत

नवभारत न्यूज

**सांची,आसमान छूती महंगाई के चलते मध्यम वर्गीय परिवारों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं. सरकारें गरीबों के लिए योजनाएँ चला रही हैं और विकास के बड़े दावे कर रही हैं, लेकिन मध्यम वर्ग की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है.स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आटा, दाल, तेल, सब्जी से लेकर गैस सिलेंडर तक, हर वस्तु की कीमतें रोज नए रिकॉर्ड बना रही हैं. सीमित आय में घर का बजट संभालना कठिन हो चुका है.बच्चों की शिक्षा और विवाह जैसे आवश्यक खर्च भी कर्ज लेकर पूरे करने पड़ रहे हैं.**



राशन दुकानदार का कहना है कि सप्लायर कंपनियाँ खुद ऊँचे दाम पर माल दे रही हैं. ऐसे में हमारा भी खर्च बढ़ रहा है और मजबूरी में ग्राहकों को महंगा सामान देना पड़ता है.ग्राहक बताते हैं कि महीने का बजट अब 10-15 दिन में ही खत्म हो जाता है.सरकार को सिर्फ घोषणाओं से नहीं, जमीनी स्तर पर भी महंगाई रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए.जनता का आरोप है कि मूल्य नियंत्रण के नाम पर सरकारी विभागों की सक्रियता केवल कागजों तक सीमित है, जबकि बाजार में लगातार महंगाई का दबदबा बना हुआ है.महंगाई की इस मार से कब मिलेगी राहत, यही सवाल अब हर घर में गूंज रहा है.

# यज्ञ ध्वज की हुई स्थापना, हनुमान मंदिर पर होगी भागवत कथा एवं निशुल्क कन्या विवाह

नवभारत न्यूज

**पठारी,** पठार वाले हनुमान मंदिर पर पंच कुंडी श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें वैदिक मंत्रों और भक्ति भाव से यज्ञ ध्वज की स्थापना की गई 16 जनवरी 2026 से पंच कुंडीय श्री राम महायज्ञ प्रारंभ करने का संकल्प लिया श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव एवं निःशुल्क कन्या विवाह समारोह का आयोजन पठार वाले श्री हनुमान मंदिर परिसर में होगा. भारत भ्रमण तीर्थ यात्री दल और नगरवासियों के सहयोग से यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य रूप में होगा.कथा का रसपान नवेली कुंज, वृंदावन धाम के आचार्य बाल कृष्ण दास महाराज के दिव्य वचनों से होगा.कथा का समापन 23 जनवरी को बसंत पंचमी के दिन होगा. इसी दिन निःशुल्क कन्या विवाह समारोह भी होगा. यह आयोजन समाजसेवा की मिसाल बनेगा.यह ध्वज स्थापना परंपरा का निर्वहन ही नहीं, बल्कि सात दिवसीय धार्मिक उत्सव का शुभ संकेत और नववर्ष में शुभता का संदेश मानी जा रही है.इसी दौरान पंडित रमेश रिछारिया, राकेश सिंघाई, देविंद्र सिंह ठाकुर,हरनाम ठाकुर, होशियार यादव,अरुण सहेले , शैलेंद्र चौधरी, देवेंद्र सिंह परिहार ,राजेश व्यास, कमलेश यादव, गिरिराज किशोर दीक्षित ,आनंद सिंह ठाकुर,अभय यादव,जसवंत यादव, ग्याप्रसाद साहू, जितेंद्र साहू,सालकराम शर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे.

